शिकायत — देर रात सिगरेट और बियर के बहाने सुनसान इलाके में बुलाता था, पीड़ित पर मढ़ दिया लूट और मारपीट का झूठा केस

# सिविल सर्जन पर यौन उत्पीड़न के प्रयास का आरोप






**नवभारत उमरिया 10 जून।** पीड़ित युवक अरमान सोनी ने सोमवार को सीधे कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई और न्याय की गुहार लगाई। मामला हाई प्रोफाइल होने के कारण कलेक्ट्रेट से लेकर थाने तक हड़कंप मचा हुआ है।

कलेक्टर को सौंपे गए शिकायती पत्र में पीड़ित ने जो आपबीती सुनाई है, वह रोंगटे खड़े करने वाली है। घटना 7 जून की रात करीब 10:30 से 11 बजे के बीच की बताई जा रही है। पीड़ित का आरोप है कि सिविल सर्जन डॉ. सोनी ने उसे सिगरेट पीने के लिए बुलाया था। जब वहां पहुंचा तो डॉक्टर अपनी मर्यादा भूल गए। उन्होंने युवक के साथ अशोभनीय और अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया।

### तो चला विक्टिम कार्ड का पांसा

शिकायत के अनुसार, जब पीड़ित ने डॉक्टर की इस गंदी हरकत का कड़ा विरोध किया और फोन करके अपने परिजनों को मांक पर बुला लिया, तो पकड़े जाने के डर से घबराए डॉक्टर ने गिड़गिड़ाते हुए अपनी गलती मान ली, लेकिन असली हाई वोल्टेज ड्रामा तब शुरू हुआ जब मामला थाने पहुंचा। खुद को कानूनी शिकंजे और बदनामी से बचाने के लिए रसूखदार सिविल सर्जन ने शातिर अपराधियों की तरह काउंटर गेम खेल दिया। डॉक्टर ने मुख्य घटना से ध्यान भटकाने और पीडित परिवार पर मारपीट करने और पैसे लूटने का झूठा आरोप मढक़र काउंटर केस दर्ज कराने की चाल चल दी।

### कलेक्टर सख्त, जांच में जो दोषी होगा वह नपेगा

पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली से नाराज पीड़ित परिवार ने जब सीधे कलेक्टर से मुलाकात की, तो मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने तत्काल उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। कलेक्टर ने पीड़ित परिवार को आश्वस्त करते हुए कहा कि मामला बेहद गंभीर है। सभी पक्षों के बयान दर्ज किए जाएंगे। जांच पूरी तरह निष्पक्ष होगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कानून सम्मत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। रसूख के दम पर किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

**डॉक्टर की करतूत ने पूरे स्वास्थ्य विभाग को कटघरे में खड़ा किया**

जिले के सरकारी महकमे और प्रशासनिक गलियारों में उस वक्त भूचाल आ गया, जब जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. केसी सोनी पर एक 20 वर्षीय युवक ने यौन उत्पीडन के प्रयास जैसा बेहद घिनौना और शर्मनाक आरोप मढ़ दिया। रसूखदार डॉक्टर की इस करतूत ने पूरे स्वास्थ्य विभाग को कटघरे में खड़ा कर दिया है। उसके संवेदनशील अंगों को गलत नीयत से छूने का प्रयास किया। इतना ही नहीं, अपनी हवस को अंजाम देने के लिए साहब ने युवक को बियर पीने और एन्जॉय करने का लालच भी दिया।

**हाथ जोड़कर माफी मांगने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल !**

इस पूरे मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से जंगल की आग की तरह फैल गया। वायरल वीडियो में एक रसूखदार शख्स हाथ जोडक्कर गिड़गिड़ाते हुए माफी मांगता नजर आ रहा है। पीड़ित पक्ष का है कि यह वीडियो उसी रात का है जब डॉक्टर साहब रंगे हाथों पकड़े गए थे और अपनी खाल बचाने के लिए मिन्नतें कर रहे थे। हालांकि, अखबार इस वायरल वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं करता है, लेकिन इस वीडियो ने जिले की राजनीति और प्रशासनिक गलियारों में सरगर्मी तेज कर दी है।



# जनपद पंचायत करंजिया में पहली बार हुई जनसुनवाई

**क्षेत्र के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी समस्याएं रखीं**

**करंजिया, नवभारत 10 जून।** जनपद पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह उद्दे की पहल पर जनपद पंचायत करंजिया सभा कक्ष में पहली बार जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बजाग एसडीएम प्रभारी अक्षय डिगरसे ने सभी खंड स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनसुनवाई की शुरुआत की।

जनसुनवाई में क्षेत्र के ग्रामीणों एवं आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं। कार्यक्रम के दौरान कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सड़क, बिजली, पेयजल, राजस्व, पंचायत एवं अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

**नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया**-इस अवसर पर विभिन्न विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे तथा नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर मिला, जिससे आमजन में उत्साह देखा गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह उद्दे ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

**आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए**-एसडीएम प्रभारी अक्षय डिगरसे ने कहा कि जनसुनवाई शासन की महत्वपूर्ण व्यवस्था है, जिसके माध्यम से नागरिकों की शिकायतों एवं मांगों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत करंजिया में पहली बार आयोजित इस जनसुनवाई को क्षेत्रीय जनता ने सराहा और बड़ी संख्या में अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। यह पहल प्रशासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# भागवत कथा के तृतीय दिवस उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**चिल्हारी नवभारत 10 जून।** तीर्थराज नैमिषारण्य में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस पर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। कथा व्यास पंडित चंद्रभूषण शास्त्री ने ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने दृढ़ संकल्प, भक्ति और तपस्या के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के मानपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिल्हारी से लगभग 40 से 50 श्रद्धालुओं का जत्था नैमिषारण्य पहुंचा। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण के साथ-साथ पावन तीर्थ के दर्शन कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

कथा के पश्चात महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, प्रसाद एवं बैठने रूकने की समुचित व्यवस्था की गई थी। आयोजक श्री श्री 1008 बालक दास त्यागी जी महाराज ने बताया कि कथा का आयोजन 15 जून तक जारी रहेगा तथा पूर्णाहुति पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा

# ग्राम पंचायत बड़खेरा के विकास कार्यों पर सवाल

**ग्रामीण ने कलेक्टर, जिला पंचायत और एसडीएम से की जांच की मांग**

**शहपुरा नवभारत 10 जून।** जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़खेरा में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं को लेकर ग्रामीण हरप्रसाद उरैती ने शिकायत दर्ज कराते हुए जांच की मांग की है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में एसडीएम शहपुरा, जिला पंचायत डिंडौरी तथा कलेक्टर डिंडौरी को लिखित शिकायत सौंपकर संबंधित कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने का अनुरोध किया है। शिकायतकर्ता के अनुसार ग्राम पंचायत बड़खेरा में नल-जल योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन एवं उससे संबंधित सामग्री और भुगतान की जांच कराई जानी चाहिए। इसके अलावा जल परिवहन कार्य, जल गंगा संवर्धन योजना के अंतर्गत घोघरा नाला विस्तार कार्य, रिचार्ज पिट निर्माण तथा लुकनी नाला अमृत सरोवर निर्माण कार्य में भी अनियमितताओं की आशंका जताई गई है।




### स्वीकृत राशि के उपयोग की जांच की जाए

शिकायत में शोहन परस्ते के घर से संतोष परस्ते के घर तक निर्मित सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य की गुणवत्ता और स्वीकृत राशि के उपयोग की जांच की मांग भी की गई है। वहीं घोघरा नाला बड़खेरा एवं भरद्वारा में निर्मित स्टॉप डैम तथा जमहरिया नाला में बनाए गए स्टॉप डैम कार्यों की भी जांच कराने की मांग उठाई गई है।

**इनका कहना है**



मैंने ग्राम पंचायत बड़खेरा में कराए गए विभिन्न निर्माण कार्यों की जांच के लिए एसडीएम शहपुरा, जिला पंचायत एवं कलेक्टर को शिकायत दी है। निष्पक्ष जांच होने पर वास्तविक स्थिति सामने आएगी।

**हरप्रसाद उरैती,**
**शिकायतकर्ता ग्रामीण**

# देवरी उप स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम को हटाने की मांग

**ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा आवेदन**

**चिल्हारी, उमरिया।** जिले की जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत ग्राम देवरी के ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केंद्र देवरी में पदस्थ एएनएम शशि पटेल को अन्यत्र पदस्थ करने की मांग को लेकर कलेक्टर उमरिया को आवेदन सौंपा है। आवेदन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि एएनएम द्वारा मनमाने ढंग से कार्य किए जाने के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उप स्वास्थ्य केंद्र नियमित रूप से संचालित नहीं हो रहा है, जिससे गर्भवती महिलाओं और बच्चों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि टीकाकरण, प्रसूति जननी योजना तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में लापरवाही बरती जा रही है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई मामलों में आवश्यक दस्तावेज एवं कार्ड समय पर नहीं बनाए जाते, जिससे हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिलने में विलंब होता है। इस संबंध में ग्रामवासियों एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपकर एएनएम को अन्य स्थान पर पदस्थ करने तथा उनकी जगह नई एएनएम की नियुक्ति की मांग की है।


## 12 वर्षों की राष्ट्रसेवा और समर्पण को नमन

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का

प्रदेश के 8.5 करोड़ नागरिकों और
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से

## हार्दिक आभार और अभिनंदन



आदरणीय प्रधानमंत्री जी,

सादर प्रणाम

भारतवर्ष के प्रधानमंत्री के रूप में आपके यशस्वी नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मध्यप्रदेश की समस्त जनता तथा अपनी ओर से आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ। आपके दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने विगत वर्षों में विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, डिजिटल नवाचार, आधारभूत संरचना निर्माण तथा वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। आपके इस स्वर्णिम कार्यकाल की एक प्रमुख विशेषता, विश्व अर्थव्यवस्था के पटल पर भारत की अर्थव्यवस्था का प्रमुख विकास इंजन के रूप में उभरना रहा है। रूस यूक्रेन संकट में ऑपरेशन गंगा, कोविडकाल में वैक्सीन मैत्री, जी-20 की अध्यक्षता इन सभी में भारत एक वर्ल्ड लीडर के रूप में सामने आया है। आतंकवाद के विरुद्ध आपकी जीरो टॉलरेंस सभी ने देखी। उरी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा हमले के बाद बालाकोट स्ट्राइक और पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर, हर बार आपके मजबूत नेतृत्व में भारत ने दुश्मन को करारा जवाब दिया है।

आपके मन में देश के गरीब, किसान, मध्यम वर्ग के लोगों के लिये गहन संवेदना है। यही कारण है कि पिछले 12 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। आज पूरे देश में 81 करोड़ से अधिक लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। आपने 4 करोड़ से अधिक लोगों को पक्के मकान देकर उनका पक्की छत का सपना साकार किया है। जल जीवन मिशन से नल से जल की व्यवस्था हुई है। देश के अन्नदाता के प्रति आपकी सोच का ही परिणाम है कि पीएम किसान सम्मान निधि में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों के बैंक खातों में जा चुकी है।

नारी सशक्तिकरण के लिये आपके प्रयास हम सब के लिये अनुकरणीय है। लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के लिये आपकी प्रतिबद्धता और समर्पण वंदनीय है। पिछले 12 वर्षों में आपने नारी सशक्तिकरण के लिये पीएम उज्ज्वला योजना, स्व-सहायता समूहों का गठन, लखपति दीदी, पीएम सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम मातृ वंदना जैसी अनेक योजनाओं की सौगात दी। आज देश में 48 प्रतिशत स्टार्टअप्स में महिला निदेशक हैं।

प्रदेश को हमेशा पल-पल पर आपका मार्गदर्शन स्नेह और आशीर्वाद मिला है। आपने मध्यप्रदेश को केन- बेतवा लिंक परियोजना, पार्वती - कालीसिंध - चंबल लिंक परियोजना जैसी सिंचाई परियोजनाओं की सौगात दी है, आपके नेतृत्व में मध्यप्रदेश औद्योगिकीकरण के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। फरवरी 2025 में आपने स्वयं पधार कर भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का उद्घाटन कर हमें अनुग्रहीत किया था। पिछले 2 वर्षों में प्रदेश को 33 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और तेजी से ये धरातल पर उतर रहे हैं। आपके ही कर कमलों से धार में देश के पहले टेक्सटाइल पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन आपके जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े में सम्पन्न हुआ।

आपका आशीर्वाद मध्यप्रदेश को सभी क्षेत्रों में मिला है। आपने सड़क अधोसंरचना में मध्यप्रदेश को बड़ी सौगातें दी हैं। आपने 136 कि.मी. लंबे लगभग 3 हजार करोड़ रुपये लागत से उज्जैन- गरोठ ग्रीन फील्ड हाईवे का निर्माण कराया जिससे इंदौर एवं उज्जैन के लोगों को दिल्ली से कनेक्टिविटी मिली। इसी तरह राष्ट्रीय राजमार्ग-46 के इटारसी-बैतूल 22 कि.मी. टाइगर कॉरिडोर, भोपाल- कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के 4-लेन में अपग्रेड करने की स्वीकृति, 6-लेन आगरा - ग्वालियर राष्ट्रीय हाई स्पीड कॉरिडोर की परियोजना की स्वीकृति प्रदान की। आपके द्वारा प्रदेश को दी गई कई सड़क परियोजनायें प्रगतिरत हैं।

आपके मार्गदर्शन में प्रदेश में वर्ष 2026 "कृषक कल्याण वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष गेहूं में समर्थन मूल्य पर 13.42 लाख किसानों द्वारा 104.36 लाख मे. टन गेहूं विक्रय किया गया है। यह विगत 10 वर्षों में सर्वाधिक है। भावान्तर योजना के अंतर्गत सोयाबीन उत्पादक लगभग 6 लाख 86 हजार किसानों के खाते में लगभग 1 हजार 454 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया गया है।

आपके नेतृत्व में गरीबों के कल्याण से संबंधित योजनाओं में मध्यप्रदेश लगातार कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री आवास (शहरी) में 9 लाख से अधिक हितग्राहियों को अपना पक्का घर मिला है वहीं प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) में 54.08 लाख नागरिकों को आवास मिले हैं। आवास पूर्णता में संख्यात्मक रूप में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। इसी तरह से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में प्रदेश में 15.94 लाख प्रकरणों में 2697 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया है। इस योजना में मध्यप्रदेश देश में प्रथम है।

आपके मार्गदर्शन में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से प्रगति हुई है। प्रदेश में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 14 से बढ़कर 19 तथा निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 12 से बढ़ कर 14 हो गई है। इसी तरह से भारत की परम्परागत चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद का भी आपके मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार विस्तार कर रही है। वर्तमान में प्रदेश में 7 शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय हैं तथा 8 नए कॉलेज स्थापित किये जा रहें हैं। आपकी राष्ट्र को स्वास्थ्य क्षेत्र में दी गई सबसे बड़ी सौगात "आयुष्मान भारत" में जनसंख्या अनुपात में आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है।

आप ने इन 12 वर्षों में भारत वर्ष के गौरवशाली अतीत और सांस्कृतिक विरासत को भी पुन: जागृत किया। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण राष्ट्र की चेतना का जागरण है। आपके द्वारा काशी विश्वनाथ धाम, श्री महाकाल महालोक, केदारनाथ धाम एवं सोमनाथ धाम का विकास वर्तमान पीढ़ी एवं आने वाली पीढ़ी को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का अद्‌भुत प्रयास है। वर्ष 2014 में आपके प्रयास से संयुक्त राष्ट्र ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता दी। आज 190 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग को अपना चुके हैं। यह भारत की आध्यात्मिक शक्ति को मिली विश्व की सबसे बड़ी मान्यता है।

आपके कुशल एवं दृढ़ नेतृत्व में पूरे भारत वर्ष में मार्च 2026 तक नक्सल समस्या को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था, उसे मध्यप्रदेश ने भी प्राप्त कर लिया। यह आपकी दृढ़ इच्छा शक्ति का ही परिणाम है कि दशकों से चली आ रही एक राष्ट्रीय समस्या का उन्मूलन संभव हो सका। अब आपके मार्गदर्शन में नक्सल प्रभावित गाँवों के त्वरित विकास के लिये माइक्रो डेवलपमेंट प्लान तैयार किया जा रहा है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र ने देश एवं प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान की है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर मैं आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर सफल नेतृत्व की कामना करता हूँ। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन में भारत अमृतकाल के लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए विश्व में और अधिक गौरवशाली स्थान प्राप्त करेगा।

सादर !

भवदीय
(डॉ. मोहन यादव)
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

D-11032/26

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026